क्रिकेट | महिला प्रीमियर लीग का बढ़ा क्रेज, चौकों-छक्कों के बीच दर्शकों ने उठाया शॉपिंग का आनंद

# वियाना स्पोर्ट्स एरिना में महिला प्रीमियर लीग का रोमांच जारी





**नवभारत जबलपुर।** वियाना स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी है। मैच के दौरान प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी अपनी टीमों को जीत दिलाने में सफलता अर्जित की मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह भी देखते बन रहा था।

सोमवार को खेले गए मैच में रोमांच, प्रतिस्पर्धा और उत्साह से भरपूर मुकाबलों के बीच शक्ति स्टार्स, रॉयल विरवर्मा और स्टार स्ट्राइकर्स की टीमों ने जीत हासिल की। पहले मुकाबले में थंडर बोल्ट्स और शक्ति स्टार्स के बीच मैच खेला गया, जिसमें शक्ति स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज की। टीम की निमिषा तिवारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। दूसरे मुकाबले में रॉयल विरवर्मा ने सक्षम नारी वॉरियर्स को 33 रन से पराजित कर जीत अपने नाम की। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने



वाली रेणु को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का सम्मान प्रदान किया गया। तीसरे और अंतिम मुकाबले में स्टार स्ट्राइकर्स ने रन राइडर्स को 13 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस मैच में संजना रोहरा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और उन्हें मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया।

### खेल के साथ मनोरंजन और ग्लैमर का संगम

आयोजक तेजल प्रियांश गुप्ता ने बताया कि वीआना स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित महिला प्रीमियर लीग केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह खेल, मनोरंजन और ग्लैमर का भी अनूठा संगम बन चुकी है। प्रतियोगिता स्थल पर विभिन्न आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहां दर्शकों को खरीदारी और मनोरंजन का अवसर मिल रहा है।

### अनेक प्रतिष्ठित संस्थान जुड़े आयोजन से

महिला प्रीमियर लीग को सफल बनाने में शहर के कई प्रतिष्ठित संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन के ज्वेलरी पार्टनर के रूप में जेकेएल किशोरीलाल एंड कंपनी एवं एमके ज्वेलर्स, अपैरल पार्टनर मम्मी पापा गारमेंट्स, फिटनेस पार्टनर एमएमए मैट्रिक्स जिम बाय टाइगर श्रॉफ, फ्रेशनेस पार्टनर फ्लोरा टी, ब्यूटी पार्टनर वीवा मेकओवर्स, नॉलेज पार्टनर अपग्रेड इंस्टीट्यूट, हेल्थ पार्टनर अनंत हॉस्पिटल, इको-फ्रेंडली पार्टनर ओ2 प्लांट डेकोर, न्यूज मीडिया पार्टनर नवभारत, डिजिटल मीडिया पार्टनर सोशल वॉलेटिन, एंटरटेनमेंट पार्टनर एस्ट्रा जुम्बा क्लासेस, जुम्बा पार्टनर बर्न बग, सोशलमीडिया पार्टनर , गिफ्टिंग पार्टनर एक्सिस बैंक कटंगा शाखा सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा लकी ड्रॉ के लिए ओ2 प्लांट डेकोर, शिप्रा क्रिएटिव्स, चार्मिफाई बाय शिप्रा एवं हैंडमेड अड्डा द्वारा आकर्षक उपहार उपलब्ध कराए गए हैं। महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबलों के साथ दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। आगामी मैचों को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्सुकता देखने को मिल रही है।

### रोमांच के साथ शॉपिंग कर ले रहे आकर्षक छूट का लाभ

मैच देखने आ रहे दर्शकों ने उत्साहित भाव से कहा खेल के रोमांच के बीच शॉपिंग करने का शानदार मौका मिल रहा है।यहाँ एक से बढ़कर एक सामान रियायती दरों पर आकर्षक छूट के साथ मिल रहें हैं।दर्शकों ने बताया की पटोला हाउस द्वारा आकर्षक पर्स, क्लच और हैंडबैग विशेष छूट के साथ उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं क्लोसेट बाय कवनीत कौर में खूबसूरत ड्रेसेस और सूट्स पर विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं।इसके अलावा नेल्स बाय महिमा खत्री के स्टॉल पर नेल आर्ट की विशेष सेवाएं आकर्षक छूट के साथ उपलब्ध हैं।

### मीडिया पार्टनर

नवभारत Central Chronicle

नवभारत और सेण्ट्रल क्रॉनिकल अखबार में प्रतिदिन की जा रही मैच की रिपोर्टिंग को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खास उत्साह देखने मिल रहा है।

# मुकेश कुमार बने भारतीय जूडो महासंघ के नए अध्यक्ष



**नवभारत, जबलपुर।** राजधानी दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान भारतीय जूडो महासंघ के कार्यकारी समिति के चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में देशभर के खेल प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति और भारी मतों के साथ किया गया। इस चुनाव में सबसे बड़ी और हर्षित करने वाली खबर मध्य प्रदेश के खेल जगत से आई है। मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे मुकेश कुमार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए भारतीय जूडो महासंघ के अध्यक्ष का प्रतिष्ठित पद अपने नाम किया है। उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि से पूरे मध्य प्रदेश के खेल प्रेमियों और जूडो खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

चुनावी नतीजों के अनुसार, शीर्ष पदों पर श्री बानी बतरा दास को महासचिव और श्री शैलेश एस. तिलक को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर आयशा मुनव्वर, असित कुमार प्रधान, रॉनी रोसांगा वारते और मनीषा मल्होत्रा ने जीत हासिल की है। संयुक्त सचिव के रूप में विकास गुप्ता, रेनु काजला, विग्नेश जी. भक्ता और वेंकट नामीसेट्टी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि खेल विशेषज्ञ पूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी अकरम शाह को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

मुकेश कुमार को अध्यक्ष बनने और मध्य प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन करने पर खेल जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मध्य प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह संधू, तकनीकी चेयरमैन कुरुश दिनशॉ, सचिव नरेश टटवाडे, डॉ. पूर्णिमा बिसे, जबलपुर जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता, सचिव आबिद हुसैन खान, राजकुमा मिश्रा, शायदा अली, सत्येंद्र गुरु, गौरी शंकर सार, एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी, रत्नेश सोनकर, तावेज अली आदि खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने उन्हें और पूरी नई टीम को इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# साहू महिला सभा ने किया जेडीए अध्यक्ष का सम्मान



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश तैलिक साहू महिला सभा द्वारा दत्त मंदिर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू के नेतृत्व में जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि हमें मनभेद और मतभेद भूलकर समाज व राष्ट्र कल्याण के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे समाज और हर वर्ग की विकास संबंधी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने भी आभार व्यक्त किया, वहीं आभा साहू ने उम्मीद जताई कि संदीप जैन के नेतृत्व में जबलपुर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान मोदी सरकार की महिला कल्याण योजनाओं पर एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसके प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर साहू वैश्य नगर सभा के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, श्रीकान्त साहू, उदयभान साहू सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महिलाएं आत्मरक्षा के लिए सीख रहीं दंड और तलवारबाजी

▸ अग्रवाल सभा के समर कैंप में पारंपरिक प्रशिक्षण के साथ आधुनिक गतिविधियों का संगम



**नवभारत, जबलपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में जबलपुर अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समर कैंप में इस वर्ष विशेष पहल की गई है। श्री अग्रसेन कल्याण मंडपम, विजयनगर में 4 जून से संचालित समर कैंप में महिलाएं आत्मरक्षा के लिए दंड संचालन और तलवारबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वहीं बच्चों के लिए राइफल शूटिंग की विशेष कक्षाएं भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

कैंप प्रभारी एवं महिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा रूपेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन भगवान श्री अग्रसेन महाराज के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ गतिविधियों की शुरुआत होती है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अलावा प्रतिभागियों के लिए हनुमान चालीसा, मॉडर्न आर्ट, फायरलेस कुकिंग, जुंबा, डांस, गिफ्ट रैपिंग, योगा, टाई एंड डाई तथा मोटिवेशनल सत्रों का भी आयोजन किया जा रहा है।

सभा के प्रचार-प्रकाशन सचिव अमित अग्रवाल ने बताया कि 14 जून, रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समर कैंप का समापन होगा। उन्होंने बताया कि सभा की सहयोगी संस्थाओं के योगदान से आयोजित इस कैंप में लगभग 18 प्रतिभागी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा रूपेश अग्रवाल, सचिव रितेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, संयुक्त सचिव रूपेश अग्रवाल, उपसचिव श्रीमती स्वीटी अग्रवाल, प्रचार-प्रकाशन सचिव अमित अग्रवाल सहित धीरज, अरुण, तुलसीराम, राकेश, दिनेश, सजल, शोभना, आनंद, श्याम, राखी, श्रद्धा, निखिल, सुषमा, अभिषेक और योगेश सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## मजदूरी मांगने पर फ्लेक्स कारीगर को पीटा

**जबलपुर।** फ्लेक्स कारीगर ने एक ढाबा मालिक पर पांच हजार रुपये की मजदूरी मांगने पर बेरहमी से मारपीट करने और बाद में पुलिस से साठगांठ कर पूरे परिवार पर झूठा मामला दर्ज कराने का आरोप लगाया है। न्याय की आस में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती की है। शिकायतकर्ता जीत उर्फ जितेन्द्र रैकवार निवासी- अमखेरा ने बताया कि वह फ्लेक्स और एलईडी बोर्ड लगाने का काम करता है। करीब तीन महीने पहले सतना ढाबा के मालिक शिवम पटैल ने अपनी दुकान का प्रचार बोर्ड लगवाया था। इसका कुल बिल 15,000 रुपये हुआ था। शिवम ने किश्तों में 10,000 रुपये तो दे दिए, लेकिन बाकी के 5,000 रुपये देने में आनाकानी करने लगा। जितेन्द्र का आरोप है कि जब वह 26 मई को अपनी बची हुई राशि मांगने ढाबा पर गया, तो शिवम पटैल भड़क गया। जमकर मारपीट की।

# रोटरी क्लब संस्कारधानी ने रचा सफलता का नया अध्याय

▸ 12 अवॉर्ड से बढ़ाया शहर का गौरव



**नवभारत,जबलपुर।** रायपुर में प्रांतपाल रोटे अमित-पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह में रोटरी क्लब संस्कारधानी को रोटरी के सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 12 प्रतिष्ठित डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड प्राप्त हुए। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रोटरी क्लब संस्कारधानी के पब्लिक इमेज चैयरमेन रोटे नितिन जैन द्वारा मीडिया के साथ साझा की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल निदेशक (2027-29) वासुदेव गोलीयान तथा पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक कृष्ण तन्खा थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल, रोटे समर गायकवाड़, रोटे समीर कानडे, रोटे विक्रांत जैन, रोटे अंजुल जैन एवं रोटे नितिन जैन को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। क्लब की इस उपलब्धि पर पूर्व अध्यक्षों रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे अमित जैन, रोटे शैलेष गुलाटी, रोटे सुनील जसवानी, रोटे तल्लीन बावा, रोटे शैलेष मिश्रा एवं रोटे जसप्रीत आहूजा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई दी।

# सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण



**नवभारत, जबलपुर।** मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु प्रतिबद्ध भारत सरकार के प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 1 वर्ष पूर्ण होने पर 9 जून को जबलपुर के अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष शिविर लगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालयों, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गर्भवतियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं।

### स्वास्थ्य जांच, दवाओं की उपलब्धता और निरीक्षण

शिविरों में गर्भवतियों की प्रसवपूर्व व प्रसवोत्तर जांच, नवीन व छूटी गर्भवतियों का पंजीयन तथा उच्च जोखिम मामलों का उपचार व फॉलोअप हुआ। महिलाओं के रक्तचाप, वजन, बीएमआई सहित हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्बुमिन व शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, सिफलिस, मलेरिया, सिकल सेल स्क्रीनिंग, ब्लड ग्रुपिंग और ओजीटीटी जांचें की गईं। आवश्यकतानुसार सोनोग्राफी, विशेषज्ञ परामर्श, आयरन-फोलिक एसिड व कैल्शियम दवाएं दी गईं। सेवाओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञों, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों व सुमन हेल्प डेस्क की सहायता ली गई, जबकि वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर विधायक ने लिया आशीर्वाद

**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक के रूप में 12 वर्ष पूरे होने पर जबलपुर उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पाण्डेय ने 'आपका सेवक आपके द्वार' अभियान के तहत घर-घर जनसंपर्क व जनसंवाद किया। उन्होंने विवेकानंद मंडल की अग्रवाल कालोनी स्थित जैन मंदिर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन के माध्यम से वार्तालाप किया और क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से भेंट कर कुशलक्षेम जाना तथा देश की उन्नति के लिए आशीर्वाद लेकर सम्मान किया।

### बुजुर्गों का सम्मान

अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि वरिष्ठजन समाज के अनुभव, संस्कार व प्रेरणा के स्रोत हैं, जिनके आशीर्वाद से जनसेवा की ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सेवा ही संकल्प, सुशासन ही हमारा पथ' मंत्र से हर वर्ग का सम्मान व सहयोग सुनिश्चित करना मुख्य लक्ष्य है। इस दौरान बुजुर्गों व प्रबुद्ध नागरिकों को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया और 'आशीर्वाद आपका, सेवा हमारी, संकल्प विकास का' ध्येय वाक्य के साथ विकसित भारत निर्माण का संकल्प लिया गया। उपस्थित जनों ने पिछले 12 वर्षों में देश में हुए ढांचागत, सामाजिक और आर्थिक सुधारों की सराहना की। इस गरिमामयी कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों के साथ भारी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण




**नवभारत, जबलपुर।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ द्वारा अधारताल तिराहे में स्थापित क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोंटिया द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम में आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकरलाल गोंटिया ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आजादी की लड़ाई लड़ते हुए जल, जंगल, जमीन, धर्म और आदिवासी संस्कृति की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, इसलिए आज हम सबको उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

कार्यक्रम में महामंत्री अशोक गोंटिया, पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, गुल्लू दुबे, एडवोकेट विनोद गोंटिया, राजेंद्र गोंटिया, मीना कोल, विमला कोल, लता कोल, चंद्रकला कोल, ज्ञान बाई, रश्मी कोल और रचना कोल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों का आभार राजेंद्र गोंटिया ने व्यक्त किया।

## नवीन शैक्षिक सत्र को लेकर विकासखंडवार बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा केंद्र द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र की तैयारियों को लेकर 9 जून को विकासखंड जबलपुर नगर एक, जबलपुर नगर दो तथा जबलपुर ग्रामीण के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापकों व प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित बैठक में जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने शालाओं में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नामांकन, ट्रांजिशन लॉस, यूडाईस प्रोफाइल अपडेशन, अपार आईडी बनाने, ऑनलाइन व ऑफलाइन पुस्तक व साइकिल वितरण, गणवेश वेरिफिकेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग सर्वे तथा जल गंगा संवर्धन के तहत रेनवाटर हार्वेस्टिंग व पानी की टंकी की नियमित सफाई की समीक्षा की गई।

आयोजन | डॉ. बशीर बद्र को समर्पित

# यादों के उजाले पर केंद्रित काव्य उत्सव आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति व ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बशीर बद्र को समर्पित काव्य उत्सव आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली के डॉ. शिव शंकर अवस्थी रहे और अध्यक्षता महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। डॉ. भावना शुक्ला, डॉ. मनोरमा गुप्ता व अध्यक्ष डॉ. सलमा जमाल ने प्रेरणादायी कार्यों पर बल दिया। वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने बशीर बद्र की रचनाधर्मिता को समाज का दर्शन बताया और संतोष नेमा ने गतिविधियां रेखांकित कीं। संचालन आशुतोष तिवारी व कविता राय, आभार यशोवर्धन पाठक, वंदना अर्चना गोस्वामी तथा स्वागत तरुणा खरे व दीपक पचौरी ने किया।

### विविध भावों की रचना प्रस्तुत

काव्य गोष्ठी में राजेंद्र मिश्रा, कविता नेमा, डॉ. उषा दुबे, डॉ. चंद्रभान उन्नाव, मनीषा गौतम, सुभाष शलभ, एड. प्रभा खरे व ज्योति प्यासी ने रचनाएं पढ़ीं। डॉ. अशरफ़ अली की पंक्तियां 'मोहल्ले में रंग-बिरंगे हों झंडे, रैली में निकले सिर्फ़ तिरंगे' सराही गईं। इसी तरह डॉ. सलमा जमाल की रचना 'अब न आएगा कभी रूठ के जाने वाला, मिन्नतें करलें हज़ारों, नहीं आने वाला' ने प्रभावित किया।

### सृजन और रचनाकारों को अलंकरण

इसके साथ ही डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. सुजाता दास, रेखा चौहान, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, रश्मि पाण्डे शुभी, प्रीति नामदेव भूमिजा, कालिदास ताम्रकार, प्रभा विश्वकर्मा शील, रमेश श्रीवास्तव चातक, मीना गुप्ता, डॉ. संध्या जैन श्रुति व डॉ. रामबल्लभ गुप्ता इंदौरी ने काव्य पाठ किया। वक्ताओं ने सृजन को सामाजिक प्रेरणा का माध्यम बताया। अंत में सभी रचनाकारों को सम्मान पत्र देकर अलंकृत किया गया।

# महाकोशल कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज में 'आत्महत्या की रोकथाम' विषय पर संभाग स्तरीय सेंसटाइजेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाबराव चंदेलकर ने बताया कि किसानों की आर्थिक समस्याएं, विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव, पारिवारिक तनाव, अकेलापन और सामाजिक अपेक्षाएं आत्महत्या के प्रमुख कारण बन रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन व स्वागत से हुई।

### जीवन का कोई विकल्प नहीं

मुख्य वक्ता डॉ. सुधा मेहता ने 'हर समस्या का समाधान संभव है, लेकिन जीवन का कोई विकल्प नहीं' का संदेश दिया। उन्होंने तनाव के लक्षण पहचानने, संवाद बनाए रखने, सकारात्मक सोच, योग व काउंसलर की मदद लेने पर बल दिया। अधिवक्ता सुयश ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने छात्र आत्महत्या को राष्ट्रीय चिंता मानते हुए मानसिक स्वास्थ्य व शैक्षणिक दबाव के अध्ययन के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स गठित की है।

### अकेलापन दूर करने का संकल्प

प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने निराश लोगों को सहयोग व विशेषज्ञ सहायता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को मुख्य उद्देश्य बताया। डॉ. रंजना मिश्रा ने प्रस्तावना रखी, संचालन बुशरा खान व रुपाली उपाध्याय तथा आभार साक्षी मरावी व उमा भारती धुर्वे ने जताया। संयोजक डॉ. राहुल पटेल, डॉ. स्मृति शुक्ला, डॉ. पवन तिवारी, डॉ. सुनील वाजपेयी, डॉ. चित्रा प्रभात, डॉ. लक्ष्मीचंद, डॉ. वीणा वाजपेई व डॉ. शुभांगी धगट सहित संभाग के प्राचार्य व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

प्रकरण .क्रमांक ./0449/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील सिंगरहा पिता प्यारेलाल सिंगरहा निवासी 1326 सिंगरहा मोहल्ला जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक के माध्यम से मौजा प.ह.नं. 1A खसरा नंम्बर 115/1/2 रकबा 0.152 हें. फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र फौती दर्ज कर नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण / बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को काई आपत्ति हो तो वह लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 12/06/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/06/2026 को जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 08/06/2026
पेशी दिनांक :- 12/06/2026

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
गोरखपुर जबलपुर